## सार-समाचार

### मोहल्ला अंडर आर्म रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**चूरू,** (कासं.)। मदीना मस्जिद बाड़ी में आथूना मोहल्ला अंडर आर्म रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया, इसमें मुख्य अतिथि मुस्ताक खान प्रदेश सचिव पीसीसी थे। अध्यक्षता मुकुट विहारी सीआई थाना कोतवाली चूरू ने की। अति विशिष्ट अतिथि महेश दूकिया यूथ कांठोस प्रदेश सचिव, पुलकित चौधरी पूर्व लोहिया कॉलेज संयुक्त सचिव, तौफीक खान पार्षद, फरमान खान छात्र नेता, गुलजार खान युवा नेता, आदिल गौरी यूथ कांठोस जिला महासचिव रहे। यहां विजेता व उपविजेता टीमों के खिलाडियों को पुरस्कार दिया गया। प्रदेश सचिव मुस्ताक ने कहा कि दूधिया रोशनी में इस तरह की रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिताओं से खिलाडियों में आपसी मेलजोल और भाईचारा बढ़ता है। खान ने कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुकुट विहारी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओ से प्रशासन के जुड़ने से आमजन में विश्वास और सामंजस्य बढ़ता है। फाइनल मैच मोयल इलेवन चूरू व अली इलेवन चूरू के बीच खेला गया जिसमें मोयल इलेवन चूरू ने जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा किया। इस प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच तैयूब निर्वाण, बेस्ट फिल्डर अदरिस गोगला, बेस्ट बोलर सकील चना को दिया गया। इस अवसर पर आयोजक टीम आथूना मोहल्ला नदीम खान रघु, सिकंदर जोईया, मुकद्दर जेनान, फरियाद मोयल, सलीम जेनान, मोसिम सर्कैल, असलम मलकान, सिकंदर मोयल, शाहबाज चायल, वसीम जेनान, शमशेर जोइया, शाहिद जोईया, समीर जेनान, जुल्फिकार खान, साजीद गुर्जर द्वारा सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया।

### होनहारों को छात्रवृत्ति बांटी

**बीकानेर,** (कासं)। मरूधर नगर स्थित एन.एन. आरएसवी उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 10 वीं व 12वीं में नियमित अध्यनरत उन विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप का वितरण किया गया जिनके कक्षा 10वीं में श्रेष्ठ अंक थे। विद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि प्रत्येक वर्ष कक्षा 10 वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप का वितरण किया जाता है। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि के. एन. व्यास वरिष्ठ मंडल प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम, डॉ विमला डूकवाल डीन, कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस, राजेंद्र जोशी साहित्यकार एवं पूर्व परियोजना अधिकारी प्रौढ शिक्षा केन्द्र, आरएसवी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीईओ आदित्य स्वामी, डायरेक्टर अंबिका गौतम, ज्वाइंट डायरेक्टर तान्या कृष्ण गुप्ता, प्रधानाचार्य पूनम चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में 61 विद्यार्थियों को 450000 रूपए से अधिक की छात्रवृति का वितरण किया गया। अतिथियों ने अपने उद्‌बोधन में विद्यार्थियों को सम्मानित करने के प्रयास की सराहना की तथा अन्य विद्यार्थियों को भी सफल विद्यार्थियों से प्रेरणा लेने की सीख प्रदान की। विद्यार्थियों को अपने माता-पिता के साथ अवश्य बैठना चाहिए तथा मोबाइल से जहां तक हो सके दूरी बनाने की कोशिश करनी चाहिए। अपने धन्यवाद भाषण में आदित्य स्वामी ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय द्वारा शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में किया जा रहे विभिन्न नवाचारों के बारे में विस्तार से बताया। अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया।

### आरोग्य योजना में पंजीकरण 31 तक

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का लाभ शहर से लेकर गांव तक हर जरूरतमंद को मिल रहा है। योजना के तहत पंजीकृत परिवार को 25 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा एवं 10 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर मिलता है। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि जिन नागरिकों का पंजीकरण नहीं हुआ है या जिनका 31 अक्टूबर को पंजीकरण समाप्त हो रहा है, वे परिवार 31 अक्टूबर तक पंजीयन अवश्य करवा लें ताकि एक नवम्बर से योजना का लाभ मिल सके। योजना में पंजीकरण से वंचित परिवारों से अपील की है कि वे 31 अक्टूबर तक पंजीकरण अवश्य करवाएं ताकि किसी भी तरह की शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी अनहोनी पर योजना का लाभ मिल सके। इसके बाद पंजीकरण करवाने वालों को नियमानुसार तीन माह बाद यानी एक फरवरी 2025 से लाभ मिल सकेगा। डीपीसी डॉ. सुनील बिश्नोई ने बताया कि योजना के तहत जिले में कुल 57 अस्पताल अधिकृत है, जिसमें 18 राजकीय चिकित्सालय एवं 39 निजी चिकित्सालय शामिल है। उन्होंने बताया कि योजना में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, सामाजिक-आर्थिक जनगणना-2011, लघु एवं सीमांत किसान, संविदा कर्मियों तथा कोविड-19 की अनुग्रह राशि प्राप्त करने वाले निराश्रित एवं असहाय परिवारों के लिए बीमा का प्रीमियम सरकार वहन कर रही है। ऐसे परिवारों का पंजीकरण स्वत: ही हो रहा है।

### सोलर पम्प पर 60 प्रतिशत अनुदान

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ एवं अनूपगढ़ जिलों में इंदिरा गांधी नहर परियोजना के प्रथम चरण के कमाण्ड क्षेत्र में राजस्थान जल क्षेत्र पुनः संरचना परियोजना (आरडब्लयूएसआरपीडी) के तहत किसानों के लिए 3, 5 और 7.5 एचपी के लगभग पांच हज़ार ऑफ ग्रिड सोलर पम्प संयत्र स्थापित किये जायेंगे। राज्य सरकार द्वारा इसके लिए किसानों को 60 प्रतिशत सब्सिडी दी जायेगी। जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता राकेश गुप्ता ने बताया कि जल संसाधन विभाग के माध्यम से संचालित इस योजना के तहत इन्दिरा गांधी नहर परियोजना के प्रथम चरण के कमांड क्षेत्र में किसानों को यह सब्सिडी दी जायेगी तथा शेष 40 प्रतिशत राशि संबंधित कृषक द्वारा वहन की जायेगी। कृषक द्वारा वहन की जाने वाली लागत में से 30 प्रतिशत राशि तक का बैंक ऋण प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए कम्पनी रोटोमग मोटर्स एंड कंट्रोल प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध किया गया है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही पात्र कृषकों की कृषि भूमि पर पम्प स्थापित करने का कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। अतिरिक्त मुख्य अभियंता गुप्ता ने बताया कि जल संसाधन विभाग के अधीन चलाई जा रही आरडब्लयूएसआरपीडी परियोजना में पम्पों की लागत उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित पी.एम. कुसुम योजना से कम आयेगी। इस योजना के अधीन 12 प्रकार के पम्पों में से कृषक अपनी आवश्यकतानुसार पंप लगवा सकते हैं।

### जरूरतमंदों को कपड़े मिठाई वितरित

**बीकानेर,** (कासं)। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एन एस जे नागरिक सेवा फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंद लोगों को दीपावली पर वस्त्र और मिठाई वितरित की जायेगी। फाउंडेशन के निदेशक प्रतीक दाधीच ने बताया कि जरूरतमंद लोगों की दीपावली भी खुशियों भरी हो इसके लिए पिछले दो सालों से फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंद लोगों को वस्त्र वितरित किए जाते है। इस वर्ष जरूरतमंद लोगों को फाउंडेशन द्वारा वस्त्र के साथ मिठाई भी वितरित की जायेगी। पिछले वर्ष मुक्ता प्रसाद कॉलोनी में स्थित गरीब बस्ती में करीब 150 लोगों को वस्त्र वितरित किए गए थे। इस वर्ष भी जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं को साड़ियां, पुरूषों को वस्त्र तथा बच्चों के लिए मिठाई वितरित की जायेगी ताकि गरीब परिवारों की दीपावली भी रोशन हो सकें और वे भी दीपावली जैसे पर्व पर अपनी खुशियां मना सकें। फाउंडेशन से जुड़े रामदेव आसोपा ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा समय- समय पर जरूरतमंद लोगों की मदद की जाती रही है। कोरोना काल में फाउंडेशन द्वारा कोरोना पीड़ित परिवारों को उनके घर तक पूरे परिवार का शुद्ध और सात्विक भोजन नि:शुल्क पहुंचाकर उन परिवारों की मदद की थी। इसके अलावा फाउंडेशन द्वारा बुजुर्गों को उनके एक कॉल पर सहायता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, राशन सामग्री वितरण, नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, प्रतिभाशाली अभावग्रस्त बच्चों की फीस आदि में भी मदद की जाती है।

### माली सैनी सामूहिक विवाह 12 को

**बीकानेर,** (कासं)। माली सैनी सामूहिक विवाह समारोह 12 नवम्बर को होना तय हुआ है। इस संबंध में रविवार को गोपेश्वर बस्ती स्थित शिव पार्वती भवन में एक मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग को संबोधित करते हुए माली सैनी सामूहिक विवाह समारोह के अध्यक्ष कन्हैयालाल भाटी ने बताया कि इस बार भी सामूहिक विवाह समारोह भव्य होगा और समाज के लोगों को वास्तविक रूप से लाभ पहुंचे ऐसे प्रयास किए जायेंगे। अध्यक्ष भाटी ने बताया कि 29 अक्टूबर को गणेश विराजित होंगे और मांगलिक कार्यों की शुरूआत होगी। मीटिंग में तुलसीराम पंवार, मूलचंद पंवार, प्रेम कुमार गहलोत, नारायण भाटी, नन्दकिशोर गहलोत, एडवोकेट हरीश तंवर, मुरली गहलोत, राकेश सांखला, सूरजरतन, संदीप भाटी आदि मौजूद थे।

# मुस्लिम महापंचायत में फूटा कांग्रेस के प्रति आक्रोश

- ‘जब तक टिकट नहीं तब तक वोट नहीं’

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित ईदगाह मैदान में मुस्लिम न्याय मंच द्वारा आयोजित मुस्लिम महापंचायत में मुस्लिम समाज ने कांग्रेस का बहिष्कार किया। वक्ताओं ने कांग्रेस पर भेदभाव एवं वंशवाद की राजनीति का आरोप लगाया।

मुस्लिम न्याय मंच के संयोजक इमरान बडगुजर ने झुंझुनूं विधानसभा से आए हुए तमाम मुस्लिम समाज के लोगों का स्वागत किया। राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार ने कहा कि मैं समाज के साथ खडा हूं। मेरे लिए मेरी कौम और मेरा समाज मेरी प्राथमिकता है। चोपदार ने सांसद बृजेंद्र ओला पर वंशवाद की राजनीति का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अमित ओला एक ऐसा उम्मीदवार है। जिसे यही नहीं पता कि मैं कांग्रेस द्वारा चेयरमैन हूं या बीजेपी द्वारा। उन्होंने मुझे मुस्लिम समाज का ठेकेदार कहा है। जबकि मैं समाज का ठेकेदार नहीं सेवक हूं। उन्होंने कहा कि हम हमेशा कांग्रेस के वफादार रहे है। जबकि आपने समय-समय पर कांठोस के साथ गद्दारी की है। पूर्व जिला कलेक्टर अशफाक हुसैन ने अपना नामांकन वापिस लिया और कहा कि मैं हमेशा समाज के साथ खडा हूं और समाज जो निर्णय करेगा मैं उसके साथ हूं। सभा को मकबूल हुसैन पार्षद ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने झुंझुनूं में हमेशा मुसलमानों के खिलाफ काम किया है। कांग्रेस का एक ही उद्देश्य रहा है कि मुस्लिम समाज को राजनीतिक आधार पर कमजोर किया जाए। खादिम खोखर ने कहा कि मुस्लिम समाज इस उपचुनाव में कांठोस का बहिष्कार करता है तथा अपने वजूद को बचाने के लिए संपूर्ण मुस्लिम समाज को एक होना पडेगा। निसार भारू, गुलाम हुसैन, उस्मान पठान, इब्राहिम खान, आलम शेर एवं शकील फौजी आदि ने भी संबोधित किया। महापंचायत में पार्षद जब्बार फूलका, मुफ्ती इमरान, पार्षद इशाक फूलका, नजर इमाम, हाफिज जकी, मौलाना रिजवान, मौलाना शोयब, मौलाना मोहम्मद, मौलाना शकरूदीन, गुलाबनबी दानका, अलादीन, डॉ. युनूस, आबिद अली, इरफान खान, इमरान राईन, बबलू चोपदार, अकरम चोपदार, युनूस चोपदार, यूनुस रंगरेज, लतीफ खानजादा, मो. शरीफ, शफीक अहमद, अब्दुल नयुम सहित हजारों लोग शामिल थे।

# कर्मचारी रवि दीवान के समर्थन में ग्रामीण पहुंचे झुंझुनूं

- चुनावी सभा में हिस्सा लेने पर रवि दीवान को सस्पैंड कर दिया था

**झुंझुनूं** कलेक्टर रामावतार मीणा ने कल एक चुनावी सभा में हिस्सा लेने पर एएनएम ट्रेनिंग सेंटर झुंझुनूं में कार्यरत वरिष्ठ सहायक रवि दीवान को सस्पैंड कर दिया था। अब ग्रामीणों ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाए है। वहीं प्रशासन द्वारा जिन फोटो में रवि दीवान को दिखाया गया है।

उस पर भी सवाल खड़े हो रहे है। क्योंकि उनमें एक तो कथित रवि दीवान की पीठ दिखाई दे रही है। तो दूसरी फोटो में मुंह छुपाए हुए एक व्यक्ति दिख रहा है। जिसे रवि दीवान बताकर प्रशासन ने कार्रवाई की है। सारी गांव के सरपंच उम्मेद बराला ने बताया कि कल उनके गांव में कांग्रेस प्रत्याशी अमित ओला का जनसंपर्क कार्यक्रम था। जो रवि दीवान के घर के पास था। रवि दीवान ना तो कार्यक्रम में शामिल था। ना ही किसी का स्वागत किया। बावजूद फोटो एडिट करके वायरल की गई। भाजपा ने इसकी शिकायत की। जो दो फोटो वायरल की गई। उसमें साफ तौर पर रवि दीवान की पहचान कर पाना भी मुश्किल है। इसके बाद भी जिला कलेक्टर ने एक तरफा कार्रवाई कर दी है। इसलिए रवि दीवान को तुरंत बहाल किया जाए। ग्रामीणों ने रवि दीवान को बहाल ना करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

### मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं

**बीकानेर,** (कासं)। मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत समस्त पात्र लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जागरूकता गतिविधियों की शुरूआत मंगलवार को साइकिल रैली से होगी।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा स्वीप प्रभारी सोहनलाल ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि मंगलवार प्रातः 8 बजे वृद्धजन भ्रमण पथ से साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेगी।

उन्होंने बताया कि साइकिल रैली में राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के साइकिल धावक शामिल होंगे। साइकिल रैली यहां से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के समीप स्थित गुरूदेव साइक्लिंग एकेडमी परिसर में समाप्त होगी।

# वरिष्ठ सहायक राकेश सैनी व पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा का आडियो वायरल

**झुंझुनूं, ( निसं )।** एक चुनावी सभा में शामिल होने पर झुंझुनूं जिला कलेक्टर ने एक कर्मचारी को सस्पैंड किया है। लेकिन कलेक्ट्रेट के एक अन्य कर्मचारी द्वारा धड़ल्ले से एक प्रत्याशी के समर्थन में सभा करवाने की जानकारी सोशल मीडिया पर वायरल की जा रही है। पर प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है।

जानकारी के मुताबिक झुंझुनूं जिला कलेक्ट्रेट में कार्यरत शहीद इंद्र सिंह सैनी का बेटा वरिष्ठ सहायक राकेश सैनी इनदिनों काफी सुर्खियों में है। चुनावों की आचार संहिता लगने के बाद प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत का राकेश सैनी द्वारा स्वागत करने का वीडियो खूब वायरल हुआ। अब राकेश सैनी और निर्दलीय प्रत्याशी राजेंद्र सिंह गुढ़ा के बीच बातचीत का एक आडियो वायरल हो रहा है। राकेश सैनी ने खुद व्हाट्स एप ग्रुपों पर यह आडियो वायरल करने के साथ साथ 29 अक्टूबर को राजेंद्र सिंह गुढ़ा की सभा का मैसेज भी वायरल किया है।

इस आडियो में पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढा तथा वरिष्ठ सहायक राकेश सैनी के बीच दो मिनट 51 सैकंड की बातचीत है। जिसमें राकेश सैनी 29 अक्टूबर को अपने दम पर हजार आदमियों की मिटिंग बुलाने, राजेंद्र सिंह गुढ़ा को जीत दिलाने, राजेंद्र सिंह गुढ़ा जिंदाबाद जैसी बातें बोल रहा है। यही नहीं बातचीत में जब राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने राकेश सैनी को कहा कि उन्हें पता चला कि माली समाज उन्हें अविनाश गहलोत और बनवारीलाल सैनी के चक्कर में वोट नहीं दे रहा है। तो राकेश सैनी तैश में आकर बोल रहा है कि अविनाश गहलोत और बनवारीलाल सैनी को गोली मारो।

इस दौरान राजेंद्र सिंह गुढ़ा राकेश सैनी को यह भी बोल रहे है कि हजार आदमियों की मिटिंग से पहले 25-50 ऐसे आदमी जो ग्वाल होते है। उनकी मिटिंग बुला लो। लेकिन राकेश सैनी यह बोल रहा है कि ग्वाल राकेश सैनी ही है। खोपडी गिनाकर वोट दिलवाउंगा। हम वायरल आडियो की पुष्टि नहीं करते। वहीं इस मामले में पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा तथा वरिष्ठ सहायक राकेश सैनी की प्रतिक्रिया भी जानने की कोशिश की गई। परंतु संपर्क नहीं हो पाया। हमें दोनों की प्रतिक्रिया का इंतजार रहेगा। लेकिन देखने वाली बात होगी कि जिला प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई करता है। आपको बता दें कि राकेश सैनी, अपने पिता शहीद इंद्रसिंह सैनी की शहादत पर सरकार द्वारा मिलने वाली अनुकंपा नियुक्ति पर नौकरी लगा हुआ है। जो इनदिनों अपनी नौकरी को लेकर दी गई रिश्वत के भी दर्जनों आडियो वायरल कर चुका है।

**कलेक्टर ने किया शाम को राकेश को निलंबित :** इधर, पहले मंत्री अविनाश गहलोत के स्वागत का वीडियो और अब राजेंद्र गुढ़ा के साथ बातचीत का कथित आडियो वायरल होने के बाद जिला कलेक्टर ने आचार संहिता का उल्लंघन करने पर वरिष्ठ सहायक राकेश सैनी को निलंबित कर दिया है। निलंबन काल में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय बुहाना रखा गया है।

न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम संख्या-1 नीमकाथाना
**उद्‌घोषणा (इश्तिहार)**
वाद संख्या 38/2024
**कैलाशचन्द सैन उर्फ कैलाशचन्द वर्मा बनाम हरखास व आम**
विषय- दत्तक पुत्र घोषित करने की घोषणा हेतु वाद पत्र
प्रार्थी- कैलाशचन्द सैन उर्फ कैलाश चन्द वर्मा पुत्र गोवर्धन वर्मा उर्फ गोवर्धन नाई जाति नाई हाल निवासी ग्राम बासडी खुर्द, तहसील एवं जिला नीमकाथाना विवाद स्थान ग्राम बासडी खुर्द, तहसील व जिला नीमकाथाना, मृतक सुन्दरी देवी व गोवर्धन वर्मा के दत्तक पुत्र की घोषणा के विषय में।
पेशी दिनांक 10.12.2024
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का वाद पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम गोवर्धन वर्मा उर्फ गोवर्धन नाई पुत्र सोनाथ उर्फ श्योनाथ उर्फ सोमनाथ व सुंदरी पत्नी गोवर्धन वर्मा उर्फ गोवर्धन नाई, जाति नाई निवासी ग्राम बासडी खुर्द, तहसील जिला नीमकाथाना का दत्तक पुत्र घोषित किया जावें।
अत उक्त वाद पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 10.12.2024 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 28 माह 10 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-प्रस्तुतकार
न्यायालय अपर जिला
न्यायाधीश क्रम संख्या-1
नीमकाथाना (सीकर) राज.

# दिपावली को लेकर पुलिस थाना में हुई सीएलजी सदस्यों की बैठक

- डीएसपी, एसडीएम, थानाधिकारी रहे मौजूद
- बुलेट बाईक से पटाखे बजाने पर होगी कार्यवाही

**तारानगर ।** तारानगर पुलिस थाना में सीएलजी सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्र कुमार, डीएसपी रोहित कुमार सांखला व थानाधिकारी गौरव खिड़िया ने सीएलजी सदस्यों व तारानगर के गणमान्य व्यक्तियों के साथ आने वाले त्योहार दिपावली को सौहार्द पुर्ण वातावरण में मनाने पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर डीएसीपी सांखला ने कहा कि तारानगर में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये यातायात व्यवस्था में सुधार किया जायेगा तो वहीं विशेष कर त्यौहार पर हुड़दंग करने वालो पर कानूनी की लाठी चलेगी, तारानगर में ब्रान्च के नाम चल रहे अवैध शराब की दुकानो पर भी लगाम लगाई जायेगी। सांखला ने तारानगर शहर में शांति व्यवस्था व कानून व्यवस्था बनाये रखने में सबका सहयोग चाहा और विभिन्न प्रकार की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने पटाखे चलाते समय सावधानी रखने की बात कही तो वहीं बाजार व मुख्य रास्तो पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का भी आहव्हान किया। थानाधिकारी खिड़िया ने कहा कि आप सभी पुलिसकर्मी बनकर पुलिस व प्रशासन का सहयोग करे। उपस्थित अधिकारीयों व आए हुए गणमान्य लोगो ने एक दुसरे को दिपावली त्यौहार की अग्रीम शुभकामनाऐं दी।

इस अवसर पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष इमीलाल प्रजापत, हनुमानमल सोनी सहदेवड़ा, शिव कुमार सांखालिया, मोहम्मद तैयब, अमर सिंह चारण, हरी इन्दौरिया, लालचन्द ज्याणी, बासुदेव शर्मा, संजय वाल्मिकी, आरता कुमार, मनफूल बैद, कृष्ण राठौड़, अमित सिहाग, महेश मंत्री, गिरीवरसिंह, रामप्रसाद ठेकेदार, कैलाश राजपुरोहित, त्रिलोक रेगर, कैलाश चाचान, माणकचन्द सैनी, सुमेरसिंह, अफरोज, सुरक्षा शर्मा जीता शर्मा, मन्जू टाक, सरस्वती, विनोद, सुशीला, पाना, चन्दा, अनिता सहित पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

### नशा तस्कर सहित मां-बाप की संपत्ति फ्रीज

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले की हिन्दुमलकोट थाना पुलिस ने सोमवार को चक तीन बी बड़ी में एक तस्कर की दो संपत्तियों को फ्रीज किया।

ये तस्कर लम्बे समय से तस्करी की गतिविधियों में शामिल रहा है। ऐसे में पिछले कई दिन से पुलिस की नजर इसके गांव तीन बी बड़ी स्थित संपत्तियों पर थी। इलाके में नशे की गतिविधियां रोकने के लिए पुलिस पिछले कई दिन से तस्करों की संपत्तियां फ्रीज करने और उनके अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार कर रही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पंडितांवाली,**
**पंचायत समिति पीलीबंगा (जिला हनुमानगढ़)**
क्रमांक 144 दिनांक 28/10/2024
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकाश मुनि निवासी डेरा बाबा बसंत दास पत्रीवाला,ग्राम पंचायत पत्रीवाला रूल्दू, खंड डबवाली, जिला सिरसा ने दिनांक 25 अक्टूबर 2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में एक आवेदन पत्र प्रस्तुत कर पंडितांवाली स्थित संत आश्रम जो कि योगेश मुनी के नाम से पंडितांवाली ग्राम पंचायत में बुक नं. 43 पृष्ठ संख्या 03 साइज 12800 वर्ग फुट दर्ज है। प्रकाश मुनी ने उक्त संत आश्रम का नामान्तरण अपने नाम दर्ज करवाना चाहा है। प्रकाश मुनि द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदन में संत आश्रम के महंत स्वामी योगेश मुनी महाराज की मृत्यु दिनांक 5 अक्टूबर 2024 को हो चुकी है। प्रकाश मुनि महाराज द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्र में संत आश्रम पंडितावली के संचालक योगेश मुनी महाराज का गुरु भाई तथा जायज वारिस मानते हुए ग्राम पंचायत पंडितांवाली में स्थित संत आश्रम डेरा का नामान्तरण अपने नाम दर्ज करवाना चाहा है। प्रकाश मुनी महाराज द्वारा ग्राम पंचायत में प्रस्तुत किए आवेदन के साथ ग्राम पंचायत, गावं पत्रीवाला रूल्दू के सरपंच द्वारा पंडितांवाली स्थित संत आश्रम के संचालक योगेश मुनी महाराज की मृत्यु के पश्चात पंडितांवाली संत आश्रम के डेरे का संचालन डेरा बाबा बसंतदास जी पत्रीवाला रूल्दू खंड डबवाली, जिला सिरसा के प्रकाश मुनी को जिम्मेदारी सौंपने का प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई उजर ऐतराज हो तो आपत्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर अंदर अद्योहस्ताक्षकर्ता के समक्ष में मय सबूत प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाश मुनि महाराज द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर ग्राम पंचायत कार्यालय द्वारा प्रकाश मुनि महाराज के नाम नामान्तरण दर्ज कर दिया जाएगा। वाद गुजरने मियाद कोई उजर मान्य नहीं किया जाएगा। तथा उजर को झूठा समझा जाएगा।
-सरपंचः ग्राम पंचायत, पंडितांवाली

# 18 हजार किलो संदिग्ध रंग मिले मसालों के सैम्पल लिए

**बीकानेर,** (कासं)। दीपावली के त्यौहार से पहले केन्द्रीय खाद्य सुरक्षा दल द्वारा शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत बीकानेर के बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में मसाले के संदर्भ में बीकानेर की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।

संयुक्त निदेशक डॉ एस.एन. धौलपुरिया के नेतृत्व में दल द्वारा लगभग 35 लाख रूपए बाजार कीमत के 18,000 किलो से ज्यादा संदिग्ध रंग मिले मसाले सीज करने के कार्रवाई की गई है। डॉ धौलपुरिया ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त इकबाल खान को प्राप्त इनपुट के आधार पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौर के निर्देशानुसार बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में स्थित आर. के. इंडस्ट्रीज का औचक निरीक्षण किया गया।

### पांच छात्राओं का न्यायिक सेवा में चयन

**बीकानेर,** (कासं)। रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय की 5 होनहार छात्राओं का राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा 2024 में चयन होने पर महाविद्यालय प्रशासन एवं स्टाफ ने एक दूसरे को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अन्नत जोशी ने बताया कि राजस्थान न्यायीक सेवा परीक्षा में महाविद्यालय की 5 होनहार छात्राओं ने जिसमें देवयानी शर्मा ने 26 वी रैंक के साथ बीकानेर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

राजस्थान सरकार
**कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, चूरू**
क्रमांक :- एफ./रा.पो.चूरू./स्था/2024-25/2309 दिनांक :- 26.10.2024
**रद्दी नीलामी सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस महाविद्यालय में जहां है जैसी हालत में स्थित रद्दी अखबार की खुली नीलामी दिनांक 05.11.2024 को सुबह 12.00 बजे की जायेगी। ईच्छुक क्रेता उपस्थित होकर नीलामी में भाग लेवे। शर्तें व नियम महाविद्यालय में देख जा सकते है। बिना कोई कारण बताये नीलामी को निरस्त करने का अधिकार समिति का होगा। सफल बोली दाता को समस्त राशि नीलामी के तुरन्त बाद जमा करानी होगी।
प्रधानाचार्य
राजकीय पॉलिटेक्निक
महाविद्यालय, चूरू

# लैथ मशीन का काम करने वाले की बेटी आर. जे. एस. बनी, 26 वीं रैंक

- हाईकोर्ट जज के बेटे और कोर्ट कर्मचारी की बेटी का भी चयन

**बीकानेर,** (कासं)। आर.जे.एस. इंटरव्यू के बाद चयनितों का रिजल्ट जारी कर दिया है। शनिवार तक इसके लिए इंटरव्यू चल रहे थे और रविवार को रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। बीकानेर से आधा दर्जन का इस बार चयन हुआ है, जिसमें लड़कियों की संख्या ज्यादा है।

मेरिट में बीकानेर से देवयानी शर्मा ने 26 वां स्थान प्राप्त किया है। रानी बाजार से स्टेशन रोड की तरफ जाने वाले मार्ग पर रहने वाली देवयानी के पिता लैथ मशीन का काम करते हैं और मां सामान्य गृहिणी है। दसवीं-बाहरवीं में अच्छे मार्क्स लाने के बाद भी देवयानी ने कॉमर्स विषय लिया और ग्रेजुएशन के बाद एलएलबी की। रामपुरिया जैन लॉ कॉलेज से एल.एल.बी. देवयानी का कहना है कि उसी समय तय कर लिया था कि मुझे कोर्ट में प्रैक्टिस नहीं करनी बल्कि ज्यूडिशियल सर्विस में जाना है।

देवयानी ने अपनी सफलता के लिए गुरूजनों और मेंटोर को श्रेय दिया है। देवयानी ने कहा कि अपने गुरू अनन्त जोशी, बिट्ठल बिस्सा, बालमुकुंद व्यास, शराफत के साथ ही नवरतन सिंह राठौड़ को श्रेय दिया। डॉ. अनिल कौशिक के साथ ही इंटरव्यू के दौरान अभियोजन अधिकारी संजीव पुरोहित को श्रेय दिया। संजीव ने ही मॉक इंटरव्यू करवाए। उधर इंग्लिश टीचर हेमंत रंगा ने देवयानी को सफलता की बधाई दी।

देवयानी ने बताया कि इंटरव्यू में उससे पूछा गया कि सोशल मीडिया पर कितना समय देते हैं। इस पर देवयानी ने कहा बहुत कम समय दे पाती हूं। दूसरा सवाल था कि क्या चलाते हैं। देवयानी ने कहा कि व्हाट्सएप और टेलीग्राम चलाती हूं। क्योंकि इससे मटेरियल मिल जाता है। इस पर इंटरव्यू में पूछा कि व्हाट्सएप पर ये ‘एंड टू एंड इनक्रिप्टेड’ क्या लिखा होता है। देवयानी बताया कि बातचीत और मैसेजिंग करने वालों की प्राइवेसी से जुड़ी टर्म है। इसके अलावा राजस्थान में कौनसी भाषा शैली चलती है। डिंगल के बारे में क्या जानते हैं। राजस्थान की पर्वत शृंखला के बारे में पूछा गया। ये भी पूछा गया कि अगर आपको किसी विश्वविद्यालय का वीसी बना दिया जायेगा तो आप कैसे संचालन करेंगे। भारत में फांसी की सजा कहां-कहां है? इस बारे में भी पूछा गया। ट्रांसफर ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट के बारे में सवाल हुए। सामान्य लॉ के काफी सवाल किए गए।

राजस्थान उच्च न्यायालय के सिविल जज 2024 के परिणाम में बीकानेर के आदित्य व्यास का प्रथम प्रयास में 47 रैंक पर चयन हुआ है। आदित्य व्यास के माता-पिता भी जज हैं। उनके पिता उमाशंकर व्यास हाईकोर्ट में न्यायाधिपति है। वहीं मां नंदिनी व्यास जिला एवं सेशन न्यायाधीश है। इतना ही नहीं आदित्य की बहन सोनल एवं जीजा पुरुषोत्तम भी अलवर में सिविल न्यायाधीश के पद पर कार्यरत है। बीकानेर कोर्ट में काम करने वाले श्रवण जनागल की बेटी पूजा का चयन आरजेएस परीक्षा में हुआ है।

राजस्थान सरकार
**कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, चूरू**
क्रमांक :- एफ./रा.पो.चूरू./स्था/2024-25/2310 दिनांक :- 26.10.2024
**सार्वजनिक नीलामी सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय चूरू में जहां है जैसी हालत में अनुपयोगी नाकारा व बेशी सामान की खुली नीलामी दिनांक 05.11.2024 को सुबह 02.00 बजे की जायेगी। ईच्छुक क्रेता उपस्थित होकर नीलामी में भाग लेवे। शर्तें व नियम महाविद्यालय में देखे जा सकते है। बिना कोई कारण बताये निलामी को निरस्त करने का अधिकार समिति का होगा। सफल बोली दाता को समस्त राशि नीलामी के तुरनत बाद जमा करानी होगी।

| क्र. सं. | अनुपयोगी नाकारा व बेशी सामान का पुस्तक मूल्य | अनुमानित वसूली मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 490927 | 77434 | 9820 |

अखरे रू चार लाख नब्बे हजार नौ सौ सताइस रू मात्र।
NIB-PCC2425A0002
UBN-PCC2425GSOB00002
प्रधानाचार्य
राजकीय पॉलिटेक्निक
महाविद्यालय, चूरू

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री का जताया आभार

**चूरू, (कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के चूरू आवास पर विधायक हरलाल सहारण ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके चूरू के लिए 16.7 करोड़ रुपए स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। यहां विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि आगामी तीन वर्षों के लिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व खुद उन्होंने प्रयास कर कचरा संठाहण एवं विभिन्न विकास कार्यों के लिए सरकार से आग्रह किया था, जिस पर राज्य सरकार ने 16.7 करोड़ रुपए पास कर चूरू के लिए दीपावली पर सौगात दी है। सहारण ने कहा कि वर्तमान सभापति पिछले पांच साल तक पद पर रहे और इस दौरान लगभग चार वर्षों तक कांठोस का शासन रहा, परन्तु उन्होंने कभी भी इस प्रकार के विकास कार्यों के बारे में चर्चा नहीं की। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही चूरू में कचरा संठाहण कर उससे खाद बनाकर किसानों को दी जायेगी। नगरपरिषद में नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल ने इस राशि के लिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड व विधायक हरलाल सहारण का आभार जताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से चूरू को यह सौगात मिली है। प्रधान दीपचन्द राहड़ व उपजिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व दीनदयाल सैनी, जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच, सह संयोजक राजीव शर्मा, सीपी शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बसावतिया का अध्यक्ष पद पर मनोनयन

**झुंझुनूं, (निसं)।** शहर में सामाजिक सरोकार और धार्मिक क्षेत्र में अलग ही पहचान रखने वाले महेश बसावतिया को सनातन धर्म उत्थान समिति का राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। उनकी नियुक्ति संगठन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल पांडेय की अनुशंसा पर राष्ट्रीय नियुक्ति प्रभारी अतुल सिंह ने की। बसावतिया के मनोनयन पर जिले में खुशी की लहर है व बधाइयों का तांता लगा हुआ है। आपको बता दें कि बसावतिया ने सामाजिक सरोकार व धार्मिक क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। यदि निस्वार्थ भाव से सनातन धर्म के पुरोधा साधु संतों का आदर सत्कार व उनके द्वारा धार्मिक आयोजन में विशेष भूमिका निभाने में महेश बसावतिया का नाम अठिाम पंक्ति में आता है। झुंझुनूं में 108 कुण्डीय महायज्ञ के ऐतिहासिक आयोजन के सूत्रधार महेश बसावतिया ही थे। उनके सनातन धर्म के प्रचार प्रसार व समाज में शांति और लोगों के कल्याण के लिए समाज में धार्मिक मूल्यों को अंकित करने और समाज को नई दिशा प्रदान करने व सनातन धर्म का अलख जगाने को लेकर उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए सनातन धर्म उत्थान समिति के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पद पर मत मनोनयन किया है।

### अवैध आरामशीन को सीज किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** वन विभाग की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से चल रही एक आरा मशीन को सीज कर मामला दर्ज किया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी श्रवण कुमार झाझड़िया ने बताया कि सोमवार को गांव नूआं में एक व्यक्ति अवैध रूप से आरामशीन का संचालन करने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि डीएफओ बीएल नेहरा के निर्देश पर टीम के साथ मौके पर पहुंचकर देखा तो राकेश कुमार पुत्र सुरेश कुमार द्वारा आरा मशीन का अवैध रूप से संचालन किया जा रहा था। जिसको राजस्थान वंश उपज नियम 1983 व संशोधित नियमों की पालना करते हुए मशीन को सीज कर दिया गया तथा मालिक के खिलाफ उचित कार्रवाई हेतु प्रक्रिया शुरू कर दी गई। कार्रवाई टीम में वनपाल सत्यवीर, जयवीर, सुभिता, सरला एवं अमरचंद इत्यादि मौजूद रहे।

### राजगढ़ ने जीता उद्घाटन मैच

**सादुलपुर, (निसं)।** जणाऊ खारी गांव में आयोजित जिला स्तरीय दादा भोमिया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ समारोह पूर्वक हुआ। सोमवार सुबह 11.3० बजे मिली जानकारी में प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच राजगढ व झुंझुनूं की टीम के बीच खेला गया। जिसमे राजगढ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 142 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी झुंझुनूं की टीम ने भी शानदार शुरूआत की, मगर पूरी टीम 132 रनों पर सिमट गई। राजगढ की टीम ने 12 रनों से मुकाबला जीत लिया। मैन ऑफ दी मैच मोहम्मद अली रहे।

# 'वंशवाद की राजनीति को खत्म करने के लिए भाजपा ही नहीं, लोग भी एकजुट'

- भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू ने चनाना समेत एक दर्जन गांवों का किया दौरा, विधायक विक्रम सिंह जाखल, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि समेत कई नेता रहे साथ
- पीपुल्स ग्रीन पार्टी के नरेंद्र सिंह ने नामांकन लिया वापिस, भांबू को दिया समर्थन

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं उप चुनावों में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू के चुनावी दौरे जारी है। सोमवार को भांबू ने चनाना गांव से अपनी चुनावी सभाओं का आगाज किया। इस मौके पर उनके साथ खाद्य मंत्री सुमित गोदारा, नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, भाजपा नेता बबलू चौधरी व विश्वंभर पूनियां समेत अन्य नेता मौजूद थे। इस मौके पर ग्रामीणों ने राजेंद्र भांबू का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

सभा को संबोधित करते हुए खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि झुंझुनूं उप चुनावों में पूरी पार्टी एकजुटता के साथ चुनाव लड़ रही है। सभी का एक मकसद है कि इस बार कमल का फूल खिले। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं के युवाओं में इस बात की खुशी है कि भजनलाल सरकार ने नकल माफियाओं पर नकेल कसी है। जिससे झुंझुनूं के प्रतिभावान युवाओं को अब सरकारी नौकरियों में अवसर मिलेंगे। उनकी मेहनत के दम पर नौकरियां मिलेगी। झुंझुनूं के लोग परिवारवाद को करारा जवाब देंगे। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू ने कहा कि एक ही परिवार की तीसरी पीढी मैदान में होने से लोगों में गुस्सा है। एक तरफ भाजपा कार्यकर्ता को चुनाव मैदान में उतारती है तो दूसरी तरफ कांठोस एक ही परिवार के सदस्य को चुनाव मैदान में उतार रही है। जिससे आमजन में गुस्सा है। देश 1947 में आजाद हो गया था। लेकिन कांग्रेस में आज भी राजतंत्र है। जबकि भाजपा लोकतंत्र में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि वंशवादी परंपरा को उखाड़ने के लिए झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र का मतदाता मतदान करने के लिए इंतजार कर रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता बबलू चौधरी ने कहा कि इस बार झुंझुनूं से वंशवाद को खत्म करेंगे। जिसके लिए ना केवल भाजपा, बल्कि विधानसभा क्षेत्र का आम मतदाता भी एकजुट है।

भांबू ने चनाना के बाद चिड़ासन, अमरपुरा, गिदा की ढाणी, भुकाना, ठाकुरों की ढाणी, लोदीपुरा, महरमपुर, सोलाना, गोवला, निजामपुर व तारा का बास में भी नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व विद्यायक रणवीर सिंह गुढ़ा, चनाना सरपंच चरणसिंह धींवा, भाजपा के प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी रजनीश चनाना, भूमि विकास बैंक के चेयरमैन शीशराम नेहरा, सुलताना ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष बलजीत शर्मा सहित भाजपा के पदाधिकरी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इधर, भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू के समर्थन में सोमवार को एक और उम्मीदवार ने ना केवल अपना नामांकन वापिस लिया। बल्कि अपना समर्थन भी भांबू को दिया है। पीपुल्स ग्रीन पार्टी के प्रत्याशी नरेंद्र सिंह ने भांबू के अठासेन सर्किल स्थित कार्यालय में पहुंचकर अपना समर्थन दिया। इसके बाद वे रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन वापिस लिया। इस मौके पर पुरूषोत्तम खाजपुरिया, ललित जोशी, मनोज सैन, अटलबिहारी, सचिन भांबू समेत अन्य ने नरेंद्र सिंह का स्वागत किया। नरेंद्र सिंह ने कहा कि झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए डबल ईंजन की सरकार का प्रतिनिधि होना चाहिए। इसलिए उन्होंने झुंझुनूं के विकास को ध्यान में रखते हुए अपना नामांकन वापिस लिया और एकजुटता के साथ हम चुनाव लड़ेंगे। भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी पुरूषोत्तम खाजपुरिया ने बताया कि मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू का जनसंपर्क दौरा हमीरवास से शुरू होगा। सुबह साढ़े आठ बजे हमीरवास गांव के बाद भांबू भाजपा नेताओं के साथ झीला की ढाणी, कासिमपुरा, कायस्थपुरा, रेखावाली ढाणी, जयपहाड़ी, कालीपहाड़ी, कालीपहाड़ी का बास, भालोठिया की ढाणी, इस्लामपुर, माखर की ढाणी, माखर, रतनशहर, अशोक नगर के बाद भांबू झुंझुनूं शहर पहुंचेंगे। शहर के शास्त्री पार्क बसंत विहार, खोरा मोहल्ला और मणि विहार में नुक्कड़ बैठकों को संबोधित करेंगे।

## प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

**चूरू, (कासं.)।** भास्कर भवन में प्रत्येक रविवार को पिछले 13 सप्ताह से चल रही गीता क्लासेज में बच्चों को गीता पाठ का अध्ययन करवाया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि रविवार को पं. जनार्दन आचार्य के सानिध्य में लगभग 200 बच्चे गीता अध्ययन कर रहे है। इस दौरान माधुरी शर्मा ने बच्चों की दैनिक डायरी का निरीक्षण किया और दिनचर्या व अन्य प्रतियोगिताओं के आधार पर बच्चों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। संयोजक संजय सिंघानिया ने संचालक जनार्दन आचार्य व माधुरी शर्मा को सम्मानित किया। इस अवसर पर संयोजक संजय सिंघानिया ने भास्कर भवन के श्याम भोजक व सराफ फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

# नामांकन पत्रों की जांच पूरी, दो प्रत्याशियों ने लिए नाम वापिस

- चुनाव मैदान में 12 प्रत्याशी शेष, रिटायर्ड आईएएस अशफाक हुसैन ने बसपा से और निर्दलीय से दो नामांकन दाखिल किए थे, बसपा से भरा गया नामांकन टिकट ना होने से निरस्त हो गया

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं में प्रस्तावित उप चुनावों को लेकर दाखिल किए नामांकन पत्रों की सोमवार को जांच हुई। जांच के बाद रिटायर्ड आईएएस अशफाक हुसैन द्वारा बसपा से दाखिल किया नामांकन टिकट के अभाव में निरस्त कर दिया गया। लेकिन सोमवार को ही अशफाक हुसैन ने अपना निर्दलीय नामांकन भी वापिस लेकर चुनाव मैदान छोड़ दिया है।

रिटर्निंग अधिकारी हवाई सिंह यादव ने बताया कि सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच में 14 उम्मीदवारों के 20 नामांकन पत्र सही मिले। सिर्फ बसपा से नामांकन टिकट के अभाव में निरस्त किया गया। हवाईसिंह यादव ने बताया कि 30 अक्टूबर को दोपहर तीन बजे तक नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे। इसके तुरंत बाद चुनाव चिह्न का आवंटन किया जाएगा। इधर, निर्दलीय अशफाक हुसैन के अलावा पीपुल्स ठीन पार्टी के प्रत्याशी नरेंद्र सिंह ने भी अपना नामांकन भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू के समर्थन में वापिस ले लिया। उन्होंने अपना समर्थन राजेंद्र भांबू को दिया है। अब चुनाव मैदान में 12 प्रत्याशी शेष रहे है। आपको बता दें कि रिटायर्ड आईएएस अशफाक हुसैन ने बसपा से और निर्दलीय, दो नामांकन दाखिल किए थे। सोमवार को जांच में उनका बसपा से भरा गया नामांकन टिकट ना होने से निरस्त हो गया। जबकि निर्दलीय नामांकन उन्होंने मुस्लिम महापंचायत में नाम वापसी की घोषणा के बाद वापिस ले लिया। अभी आने वाले दो दिनों में नामांकन वापिस लेने वालों पर सबकी नजर रहेगी। वहीं भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू के समर्थन में पहले बबलू चौधरी और डॉ. कमलचंद सैनी का नामांकन दाखिल नहीं करना और पीपुल्स ग्रीन पार्टी के प्रत्याशी नरेंद्र सिंह का समर्थन देना। भाजपा के लिए किसी सुखद खबर से कम नहीं है।

## सार-समाचार

### कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

**पाटन, (निसं)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर मानव कल्याण संस्थान के द्विवार्षिक चुनाव छात्रावास परिसर में संपन्न हुए। मतदान सुबह 10 से 4 बजे तक हुआ जिसमें मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। कार्यकारिणी में 9 सदस्य निर्वाचित हुए। 11 सदस्य संरक्षक मंडल ने सर्वसहमति से कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर रामजीलाल, उपाध्यक्ष जुगल किशोर पत्रकार, महासचिव हरफूल मरोड़िया, शिक्षा सचिव किशन गांवली, कोषाध्यक्ष अमर सिंह को बनाया गया। वहीं सदस्य सुभाष सिंघल, बाबूलाल किरोड़ीवाल, शंकर लाल सिहोडिया रतनलाल बनें। संरक्षक मंडल में पूर्व कॉलेज आयुक्त प्रो केआर सिलोलिया, पूर्व कॉलेज प्राचार्य प्रो बीडी वर्मा, एडवोकेट भानाराम, प्रो डॉ. देवीप्रसाद वर्मा, संस्था पूर्व अध्यक्ष सवाई राम चौल्डा, निर्मला देवी, पूर्व उपनिदेशक पशुपालन विभाग डॉ. जीएल लूनिया, संस्था पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट अनिल वर्मा, शिवपाल भाटी, किशन लाल महरानियां, मदनलाल रसगनियां, पंकज महरानियाँ, बृजलाल कल्याणियाँ रहे। विजई कार्यकारिणी में निर्वाचित पदाधिकारियों सहित सदस्यों का माला पहना व मिठाई खिलाकर बधाई दी। मतदान स्थल पर पुलिस प्रशासन का भी सहयोग रहा। सभी पदाधिकारियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। निर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि संस्थान में शिक्षा के प्रति नए नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। हमारी पहली प्राथमिकता बंद पड़ी कोचिंग को शुरू की जाएगी। संस्था के हित में होने वाले कार्यों को प्रमुखता से किया जाएगा। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि सामाजिक स्तर पर संरक्षक कमेटी बनाई जाएगी, संस्था हितों में होने वाले कार्यों पर सहमति देकर पटल पर रखेंगे। इस दौरान पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र महरानियां, सुल्तानाराम मरोडिया, हंसराज किलानियां, कपिल देव, किशोर सिंघल, अमिताभ झालरा, नेमीचंद वर्मा, उमेश मुंडोतिया, सतपाल भारती सहित कई लोग मौजूद रहे।

### गौशाला में गायों को खिलाया गुड

**सादुलपुर, (निसं)।** वीर शहीद हवलदार तेजवीर धीधवाल की तीसरी पुण्यतिथि पर गांव डोकवा में शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सोमवार शाम चार बजे सामाजिक कार्यकर्ता एवं गोताखौर नरेन्द्र सांगवान ने बताया कि शहीद वीरांगना इंदिरा देवी ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पमाला पहनाकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही श्रद्धांजलि सभा में शहीद की बेटी अंकिता व भाविका ने अपने पापा के चरणों में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शहीद के चाचा भूतपूर्व सैनिक बलवीर धीधवाल, छोटे भाई आर्मी जवान धीर सिंह, ताऊ महावीर धीधवाल, सरपंच आजाद सहारण, संजय रणवा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गौताखोर नरेंद्र सांगवान, शीशराम जाखड, महेंद्र नेहरा, सोमवीर सरावग, प्रिंसिपल ईश्वर धींधवाल, बलवान फौजी व हरि सिंह प्रजापत इत्यादि ग्रामीणों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वीर शहीद को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए डोकवा की नवयुवक मंडल टीम ने शहीद जयप्रकाश कस्वां, गौशाला दुधवा खारा में शहीद की पुण्यतिथि पर ०1 क्विंटल 11 किलो अनाज व 51 किलो गुड तथा 11सौ रुपए एक दिन एंबुलेंस का खर्चा दिया व श्रद्धांजलि अर्पित की। गौशाला में शहीद की बेटी अंकिता ने गायों को गुड खिलाकर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रधान रमेश धीधवाल नरेंद्र सांगवान, बिंटू धीधंवाल, विकु फौजी रतनपुरा, अनिल नाई, व नरेंद्र महला इत्यादि ने गौशाला में गायों को गुड खिलाकर श्रद्धांजलि दी।

### मृतक आश्रित को सौंपा दो लाख का चेक

**चूरू, (कासं.)।** निकटवर्ती ग्राम सहजूसर में भारतीय स्टेट बैंक शाखा परिसर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक आश्रित को सोमवार को सहायक महाप्रबंधक मूलचंद मीणा ने 2 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। शाखा प्रबंधक दिनेश तंवर ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में खाता धारक आबिद खान की सामान्य मृत्यु होने पर मृतक आश्रित उसकी पत्नी सबीना बानो को दो लाख का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान सहायक महाप्रबंधक मूलचंद मीणा ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में खाता खुलाने पर प्रधानमंत्री सड़क सुरक्षा बीमा योजना में प्रत्येक खाताधारक को 20 रूपये वार्षिक व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 434 रूपये वार्षिक जमा कराने पर प्रत्येक खाताधारक को इस बीमा क्लेम का लाभ मिलता है।

# पटाखा चलाने के लिए बनाया गंधक-पोटास का मसाला, जेब में फटने से बच्चे की मौत

**सूरजगढ़, (निसं)।** कस्बे के वार्ड नंबर 18 में 13 साल के बच्चे ने पटाखे चलाने के लिए गंधक और पोटास (पटाखे बनाने के काम आने वाली वस्तु) का मसाला बनाया। जो जेब में एक कांच की बोतल में डालकर रखा। जेब में ही बोतल फट जाने से बच्चा घायल हो गया। जिसे पहले सूरजगढ़, बाद में झुंझुनूं और अब जयपुर रैफर किया गया है। जयपुर पहुंचने से पहले ही बच्चे की जान चली गई। हादसे के कारण बच्चे का बाएं पैर के आधे हिस्से के चिथड़े उड़ गए थे।

जानकारी के मुताबिक वार्ड नंबर 18 निवासी 13 साल का हिमांशु सोमवार को मार्केट से गंधक और पोटास लाया और दोनों को मिलाकर पटाखे चलाने के लिए मसाला तैयार किया। यह मसाला उसने एक कांच की बोतल में डाला और अपनी जेब में रखकर दमखल (पटाखे बजाने के लिए लोहे का औजार) से पटाखे चला रहे था। इसी दरमियान इस दमखल की चोट जेब में रखी कांच की बोतल पर जोर से लगी और तेज धमाके के साथ हिमांशु का पैर जख्मी हो गया। हिमांशु के चाचा ने देखा तो उसे सूरजगढ़ सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से उसे झुंझुनूं और बाद में जयपुर रैफर किया गया। बीच रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। हिमांशु तीन बहनों के बीच इकलौता भाई और सबसे छोटा था। पिता मुकेश कुमार मजदूरी करते है। 21 दिन बाद उसकी सबसे बड़ी बहन अनुराधा की शादी है। जिसकी तैयारियों के लिए पूरा परिवार लगा हुआ है। घटना के वक्त भी उसकी मां और बहन पिलानी खरीददारी करने गई थी। जबकि घर में उसकी बहन आचूकी थी। हिमांशु की मां रेखा ने बताया कि हिमांशु ने उससे 100 रूपए लिए थे। उसने कहा था कि वह ज्यूस पीकर आएगा और चॉकलेट लेकर आएगा। पैसे देने के बाद उसकी मां और बहन पिलानी चले गए। पीछे से हिमांशु 50 रूपए का पोटास और 50 रूपए का गंधक लेकर घर आया। घर लाकर उसने पोटास और गंधक को मिक्सी में पीसा तो उसकी बहन आचुकी ने टोका और डांटा भी। लेकन हिमांशु नहीं माना। इसके बाद वह पोटास और गंधक को पीसकर कांच की बोतल में डाला। चाचा की तरफ चला गया। वहीं पर यह हादसा हो गया। हिमांशु को हादसा होने के बाद सबसे पहले उसके चाचा जुगलकिशोर ने देखा और जीवन ज्योति एंबुलेंस सेवा को फोन करके बुलाया। इसी दौरान हिमांशु ने चाचा के फोन से मां रेखा को फोन किया। लेकिन उसने हादसे के बारे में नहीं बताया। बस इतना पूछा कि आप पिलानी पहुंच गए क्या। फिर फोन काट दिया। लेकिन कुछ देर बाद जुगलकिशोर ने मां और पिता को हादसे की सूचना दी। वैसे ही गंधक पोटास, बिना लाइसेंस के बेचना अवैध है। सोमवार को हुई घटना में तो सामने आया है कि 13 साल के बच्चे को ही पता है कि कस्बे में गंधक और पोटास कहां मिलता है। वह ले भी आया और हादसे का शिकार भी हो गया। लेकिन यहां की पुलिस और प्रशासन को इसके बारे में जानकारी तक नहीं है। इस अवैध कारोबार से और भी हादसों से इंकार नहीं किया जा सकता है। बच्चा हिमांशु मां के पास से पैसे लेकर गया और चंद मिनटों में ही गंधक और पौटास खरीदकर ले आया। जाहिर होता है कि ना केवल सूरजगढ़, बल्कि झुंझुनूं जिले के गांवों और शहरों में धड़ल्ले से, गंधक और पोटास का अवैध कारोबार फल फूल रहा है।

## मानक लेखन प्रतियोगिता आयोजित

**चूरू, (कासं.)।** जिला मुख्यालय पर स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चूरू में भारतीय मानक ब्यूरो जयपुर शाखा के तत्वाधान में गठित मानक क्लब की इस सत्र की द्वितीय गतिविधि मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अर्पिता सोनी अतिरिक्त जिला कलेक्टर चूरू ने समस्त प्रतिभागियों को विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में पारितोषिक दिए। मानक क्लब की मेंटर रसायन विज्ञान शिक्षिका सीमा शर्मा ने मानक क्लब के उद्देश्य, भारतीय मानक ब्यूरो के आई एस आई मार्क, हॉलमार्क एवं उत्पादों की शुद्धता, मानकीकरण एवं गुणवत्ता की पहचान तथा मानक लेखन के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। मानक लेखन प्रतियोगिता में मानक क्लब के सभी 60 विद्यार्थियों ने अत्यधिक उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंशिका व ऋतु, द्वितीय स्थान निकिता व पलक, तृतीय स्थान भावना व आरती तथा चतुर्थ स्थान यश व जिग्नेश ने प्राप्त किया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने विद्यार्थियों को विद्यालय में सक्रिय रूप से नियमित अध्ययन करने के लिए प्रेरित करते हुए भारतीय मानक ब्यूरो की इस पहल की प्रशंसा की।






# 'दीपावली पर आवश्यक सेवाओं सहित रखें समुचित व्यवस्थाएं'

- 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सामग्री में मिलावट करने वालों व दूषित सामग्री विक्रय करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें'

**चूरू, (कासं.)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में बिजली, पानी, चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सुराणा ने कहा कि दीपावली पर्व पर आवश्यक सेवाओं की समुचित व्यवस्था की जाए।

आमजन को बिजली, पानी व चिकित्सा सुविधाओं से संबंधित अनावश्यक परेशानी न हो। इसी के साथ त्यौहारी सीजन को देखते हुए जिले के सभी उपखंड क्षेत्रों में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान अंतर्गत खाद्य सामग्री में मिलावट करने वालों व दूषित सामग्री विक्रय करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण महाभियान अंतर्गत किए गए पौधरोपण में विभागों द्वारा लगाए गए पौधों की सुरक्षा व देखभाल के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त करें। उन्होंने डिस्कॉम के अधिकारियों से कहा कि पीएम सूर्यघर योजनान्तर्गत एक मॉडल सोलर गांव बनाएं। एक मॉडल गांव को योजनान्तर्गत 1 करोड़ रुपए की सहायता राशि देय है। उन्होंने सानिवि व चूरू नगरपरिषद अधिकारियों को जिला मुख्यालय पर अठासेन नगर रेल्वे फाटक पर आरओबी निर्माण हेतु अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी करने व अतिक्रमण हटाकर निर्माण कार्य शुरू करने के लिए समुचित निर्देश दिए। सुराणा ने कलक्ट्रेट के नए भवन निर्माण के प्रस्ताव, बजट घोषणाओं, सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों, लंबित बिजली व पेयजल कनेक्शन, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बिजली व पेयजल कनेक्शन, प्रोजेक्ट कार्यों, आरयूबी व आरओबी निर्माण कार्यों, अटल भूजल योजना, डीएपी व एसएसपी आपूर्ति व वितरण सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर समुचित निर्देश दिए। एडीएम अर्पिता सोनी ने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के बारे में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ श्वेता कोचर, डीसीएफ भवानी सिंह, चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, एसीईओ दुर्गा ढाका, एडीपीआर कुमार अजय, कृषि संयुक्त निदेशक डॉ जगदेव सिंह, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश, पीएचईडी एसई रमेश कुमार राठी, डीएसओ सुरेन्द्र महला, डीईओ माध्यमिक गोविंद सिंह राठौड़, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, वाटरशेड एसई महेन्द सूरा, एपीआरओ मनीष कुमार, डीटीओ ओमसिंह शेखावत, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो अनीश खान, एलडीएम अमरसिंह, उद्योग सहायक आयुक्त अजाल आदि मौजूद रहे।

